झारखण्ड सरकार

# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

चायबगान, कालीनगर, नामकोम, राँची–834010.

# विवरणिका

## विज्ञापन संख्या–02/2019

## झारखण्ड ए॰एन॰एम॰ प्रतियोगिता परीक्षा–2019
## (बैकलॉग रिक्ति)

## JANMCE-2019 (Backlog Vacancy)

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या– 11/क॰च॰आ॰–02–21/2014 का॰ 6121 अनु॰ दिनांक 30.07.2019 तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्रांक– स्वा॰ नि॰/26/स्था॰–511/2019–173 (10) दिनांक 23.07.2019 के द्वारा संसूचित **महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए॰एन॰एम॰)** की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति (**बैकलॉग रिक्ति**) के लिए सुयोग्य महिला अभ्यर्थियों के चयन हेतु विहित प्रपत्र में **झारखण्ड ए॰एन॰एम॰ प्रतियोगिता परीक्षा–2019** के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। सुयोग्य अभ्यर्थी अर्हता, शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते हैं। ऑनलाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट www.jssc.nic.in पर लॉगईन (login) कर समर्पित किया जा सकता है।

2. **रिक्तियों का विवरण : महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए॰एन॰एम॰)**

बैकलॉग रिक्ति

| क्र॰ स॰ | जिला | आरक्षण कोटिवार रिक्ति | | | | | | क्षैतिज आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) | पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) | कुल रिक्तियाँ | दृष्टि निःशक्तता | मूक बधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता | स्वलीनता एवं बहु निःशक्तता | आदिम जनजाति |
| 1 | दुमका | 0 | 0 | 16 | 0 | 0 | 16 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | चतरा | 0 | 6 | 0 | 1 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | गढ़वा | 0 | 15 | 1 | 0 | 0 | 16 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | देवघर | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | जामताड़ा | 0 | 5 | 11 | 0 | 2 | 18 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | पश्चिमी सिंहभूम | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | पाकुड़ | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | लातेहार | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | गोड्डा | 0 | 2 | 8 | 0 | 1 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | पूर्वी सिंहभूम | 0 | 4 | 54 | 0 | 0 | 58 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 11 | साहेबगंज | 0 | 1 | 7 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | सिमडेगा | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | बोकारो | 0 | 7 | 0 | 4 | 6 | 17 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | सरायकेला–खरसांवा | 0 | 0 | 16 | 0 | 0 | 16 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | पलामू | 0 | 41 | 4 | 5 | 12 | 62 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | धनबाद | 0 | 2 | 1 | 2 | 4 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | हजारीबाग | 0 | 8 | 0 | 4 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | गिरिडीह | 0 | 14 | 10 | 0 | 0 | 24 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल | | **0** | **114** | **132** | **16** | **25** | **287** | **5** | **1** | **0** | **0** | **2** |

- **सरकार से प्राप्त निदेश/अधियाचना में संशोधन के फलस्वरूप पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।**

**टिप्पणी–I**: अनुसूचित जन जाति के लिए विज्ञापित पदों की संख्या का 2 (दो) प्रतिशत पद आदिम जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य होगा। आदिम जन जाति के योग्य अभ्यर्थियों के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उक्त पद अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाएगें। आदिम जनजाति के आरक्षित पद के विरूद्ध दावा करने वाले अभ्यर्थियों को कंडिका **8 (II)**

(क) द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**टिप्पणी–II**: आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन समर्पित करने के जिले में यदि उनके आरक्षण कोटि की रिक्ति उपलब्ध नहीं है, ऐसी परिस्थिति में उक्त अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता उक्त जिले की आनारक्षित कोटि की रिक्तियों तक सीमित कर दी जायेगी।

3. पात्रताः–

I. **कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–5938, दिनांक–14.07.2016, संकल्प संख्या–3854, दिनांक–01.06.2018 एवं संकल्प संख्या–8468, दिनांक–20.11.2018 के आलोक में उपर्युक्त कंडिका–2 में वर्णित पदों पर झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी महिला अभ्यर्थी अपने जिले के रिक्त पदों के विरूद्ध ही आवेदन देने के पात्र होंगे। अर्थात् झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र धारित नहीं करने वाले अभ्यर्थी आवेदन समर्पित करने के पात्र नहीं होगें। स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र के संदर्भ में विस्तृत अनुदेश नीचे की कंडिका–8 (I) में अंकित है।**

II. **परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नहीं करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग परीक्षा के बाद किसी भी समय अभ्यर्थियों की पात्रता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की जाँच कर सकता है। निर्धारित जाँच कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गये पात्रता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर आरक्षण/अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा एवं अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।**

4. आरक्षित वर्ग के **महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए॰एन॰एम॰)** की बैकलॉग रिक्तियों के विरूद्ध विज्ञापन संख्या–02/2019 प्रकाशित किया गया है, जिसमें कुल रिक्ति 287 है। विज्ञापन सं0 01/2019 एवं 02/2019 दोनों के लिए अहर्ता प्राप्त महिला अभ्यर्थी एक साथ ही आवेदन कर सकेंगे और इस आशय का विकल्प ऑनलाईन आवेदन भरने में उपलब्ध रहेगा। दोनों विज्ञापनों के लिए आवेदन करने की स्थिति में एक ही परीक्षा शुल्क देय होगा। यदि कोई अभ्यर्थी सिर्फ एक विज्ञापन के विरूद्ध आवेदन देते हैं तो वैसी स्थिति में उन्हें एक परीक्षा शुल्क ही देना होगा। दोनों विज्ञापनों के लिए एक ही परीक्षा आयोजित की जायेगी।

5. कंडिका–2 में वर्णित पद का वेतनमान, न्यूनतम शैक्षणिक तथा तकनीकी योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं॰ | पद | वेतनमान | विहित शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **(i)** | महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए॰एन॰एम॰) | अपु॰ 5200–20200 ग्रेड पे–2400, सांतवा पुनरीक्षित वेतनमान लेवल–04 | क) मैट्रिक या 10वीं पास (न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्ण),<br>ख) 18 माह का ए॰एन॰एम॰ प्रशिक्षण उतीर्ण तथा<br>ग) झारखण्ड राज्य नर्सिग काउन्सिल से निबंधित। |

नोटः– शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता के निर्धारण के लिए Online आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि **(Reference Date)** माना जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी इस तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता धारित नहीं करते हैं तो वे आवेदन करने के पात्र नहीं समझे जायेंगे।

नोटः– **I** उपर्युक्त कंडिका–5 स्तम्भ–4(ग) में वर्णित झारखण्ड राज्य नर्सिग काउन्सिल से निबंधन संबंध प्रमाण–पत्र आवेदन की तिथि तक अद्यतन एवं वैध होना अनिवार्य है।

6. **आयु सीमा** : उपर्युक्त कंडिका–5 में वर्णित पद के संदर्भ में न्यूनतम एवं अधिकतम उम्र की गणना दिनांक 01.08.2019 के आधार पर की जायेगी।

6.1 **न्यूनतम उम्र :– महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता** (ए॰एन॰एम॰) पद के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष है।

6.2 **अधिकतम उम्र :–** (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या 609 दिनांक 25.01.2016 द्वारा यथा निर्धारित)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति | – | 40 वर्ष। |
| (ख) | अनारक्षित / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) | – | 38 वर्ष। |

(i) सभी कोटि के निःशक्त अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 (दस) वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जायेगी। निःशक्तता सम्बन्धी प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा गठित सक्षम चिकित्सा पर्षद से विहित प्रपत्र में आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक का निर्गत होना अनिवार्य है। सभी श्रेणियों में निःशक्ततों का दावा तभी मान्य होगा जब निःशक्तता कम से कम 40% (चालीस प्रतिशत) अथवा उससे अधिक हो। प्रमाण पत्रों के जाँच के समय उक्त प्रमाण पत्र जाँच हेतु आयोग को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

(ii) **भूतपूर्व सैनिकों को अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिक होने से संबंधित प्रमाण पत्र यथा समय आयोग द्वारा माँग की जायेगी जिसे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

(iii) **संविदा पर पूर्व से कार्यरत सभी कोटि के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम उम्र सीमा 55 वर्ष होगी। संविदा पर कार्यरत कर्मियों के लिए आवश्यक है कि आयोग द्वारा आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि तक कम से कम पांच वर्ष की वास्तविक संविद सेवा पूर्ण कर ली हो तथा वे निरन्तर सेवा में हों। (विस्तृत अनुदेश कंडिका–09 में अंकित है।)**

(iv) संविदा पर अलग–अलग कार्यालयों / संस्थानों में कार्यरत वैसे कर्मियों को ही पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए अधिमानता दिया जायेगा जो योगदान के पश्चात् एक ही प्रकृति के तकनीकी सेवा में लगातार कार्यरत रहे हों तथा इस सेवा अवधि में सेवा में टूट नहीं हो। सेवा में टूट होने पर अलग–अलग कार्यालयों / संस्थानों में किये गये कार्याविधि की गणना लगातार सेवा के लिए नहीं की जायेगी।

7. **निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए सुविधा :**

निःशक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को परीक्षा में उत्तर देने के लिए 20 मिनट प्रति घंटा की दर से अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इस श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके अनुरोध पर स्क्राईब की सुविधा निम्न शर्तों के अधीन दी जायेगी :–

(i) 40% (चालीस) प्रतिशत अथवा इससे अधिक निःशक्तता वाले अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक / स्क्राइब की सुविधा देय है।

(ii) वैसे निःशक्त अभ्यर्थियों को ही श्रुतलेखक / स्क्राइब की सुविधा मिलेगी जिनके प्रवेश पत्र (Admit Card) में Category के समक्ष आरक्षण वर्ग के पश्चात् PH मुद्रित हो।

(iii) निःशक्त अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक / स्क्राइब की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(iv) निःशक्त अभ्यर्थी प्रवेश पत्र (Admit Card) में निर्धारित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को श्रुतलेखक/स्क्राइब की सुविधा प्रदान करने के लिए अपना आवेदन पत्र परीक्षा की तिथि से तीन दिनों पूर्व स्वयं व्यवस्था किए गए श्रुतलेखक/स्क्राइब की विहित प्रपत्र (विवरणिका के परिशिष्ट–VIII) में तथा निःशक्तता प्रमाण की स्व–आभिप्रमाणित प्रति के साथ उपलब्ध करायेंगे। तीन दिनों पूर्व आवेदन नहीं देने की स्थिति में श्रुतलेखक/स्क्राइब की सुविधा केन्द्राधीक्षक द्वारा उपलब्ध नहीं करायी जायगी, जिसके लिए सम्बन्धित अभ्यर्थी ही उतरदायी होंगे।

(v) परीक्षा की तिथि को श्रुतलेखक/स्क्राइब के साथ अभ्यर्थी परीक्षा के $1\frac{1}{2}$ घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर निश्चित रूप से उपस्थित होंगे। जो अभ्यर्थी अपने साथ श्रुतलेखक/स्क्राइब नहीं लायेंगे, उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी और इसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## 8. आरक्षण :

आवेदन में नियत प्रविष्टि के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण का दावा करने पर यह माना जाएगा कि आवेदन भरने की अंतिम तिथि को अभ्यर्थी द्वारा दावा किये गए आरक्षण कोटि का सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र धारित किया जाता है।

8 (I) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र –

(क) सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–9650, दिनांक–02.06.2016 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से दिनांक–02.06.2016 तथा इसके पश्चात् निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र मान्य होगा जिसका मानक प्रपत्र परिशिष्ट–VI पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 5752 दिनांक 19.07.2019 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 19.07.2019 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण पत्र मान्य होगा। जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–VII** पर धारित है।

(ख) 19.07.2019 के पूर्व अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(ग) दिनांक–02.06.2016 के पूर्व किसी भी स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(घ) परिशिष्ट में अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(छ) आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

8 (II) <u>जाति प्रमाण पत्र–</u>

(क) झारखण्ड राज्य के **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति** के सन्दर्भ में जिला/अनुमण्डल के उपायुक्त/ अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–I** पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 1754 दिनांक 25.02. 2019 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 25.02.2019 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–II** पर धारित है।

(ख) झारखण्ड राज्य के **अत्यन्त पिछड़ा वर्ग** (**अनुसूची-I**) **एवं पिछड़ा वर्ग** (**अनुसूची-II**) के सन्दर्भ में दिनांक 29.08.2012 को अथवा इसके पश्चात् उपायुक्त अथवा अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत गैर क्रिमी लेयर जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–III** पर धारित है। किन्तु जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थियों का कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 1754 दिनांक 25.02.2019 के अधीन प्रपत्र 15 में **गैर क्रिमी लेयर स्वघोषणा पत्र** समर्पित करना अनिवार्य होगा जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–V** पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 1754 दिनांक 25.02. 2019 के आलोक में दिनांक 25.02.2019 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–IV** पर धारित है।

(ग) **दिनांक 25.02.2019 के पूर्व अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत अथवा परिशिष्ट में अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं है।**

(घ) **परिशिष्ट में अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।**

(ङ) **आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।**

(च) **अत्यंत पिछड़ा वर्ग–1 (अनुसूची–1), पिछड़ा वर्ग–2 (अनुसूची–2) के संबंध में केन्द्र सरकार में नियुक्ति हेतु केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) मान्य नहीं होगा।**

(छ) **शैक्षणिक कार्यों/सेना में भर्ती लिए निर्गत जाति प्रमाण पत्र आरक्षण कोटि निर्धारण के लिए अनुमान्य नहीं होगा।**

(ज) **पिता के आधार पर निर्गत जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।**

(झ) **पिता/ पति के आधार पर निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र मान्य होंगे। पति के आधार पर निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों में अभ्यर्थी का नाम भिन्न होने पर प्रमाण पत्रों की जाँच के दौरान इस सम्बन्ध में शपथ पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।**

(ञ) कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड ,राँची के पत्रांक–2358, दिनांक–10.01.2019 के आलोक में झारखण्ड राज्य में विवाह के आधार पर आव्रजित महिलाओं को आरक्षण का लाभ अनुमान्य नहीं होगा।

(ट) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग–1 (अनुसूची–1) एवं पिछड़ा वर्ग–2 (अनुसूची–2) के अभ्यर्थी जो आरक्षण का दावा करते हैं, उनके द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (उपर्युक्त कंडिका–8(**II**)(क) एवं 8(**II**)(ख) में उल्लेखित) से भिन्न प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र/स्व घोषणा समर्पित करने पर उनकी अभ्यर्थिता अनारक्षित कोटि के रिक्ति तक अनुमान्यता के सपेक्ष सीमित कर दी जाएगी। ऐसी परिस्थिति में उक्त कोटि के अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता अनारक्षित कोटि के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन ही होगी।

नोटः– (I) सक्षम स्तर से भिन्न स्तर एवं विवरणिका के परिशिष्ट–I से परिशिष्ट– VII, पर अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में निर्गत जाति/स्थानीय निवास प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा तथा ऐसे प्रमाण पत्रों के आधार पर भरे गये आवेदन पत्र नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रद्द किये जा सकते हैं, जिसके लिए संबंधित आवेदक स्वयं उतरदायी होगे।

(II) अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) के अभ्यर्थी द्वारा वैधता समाप्त जाति प्रमाण पत्र समर्पित करने की स्थिति में कंडिका–8(**II**)(ख) में अंकित स्वघोषणा पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा। वांछित घोषणा पत्र समर्पित नहीं करने पर आयोग द्वारा उक्त प्रमाण–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(III) विवरणिका की कंडिका–8(**I**) में वर्णित स्थानीय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाऐगी।

(IV) **स्थानीय निवासी/जाति प्रमाण पत्र में अंकित आवदेक/ आवेदक के पिता के नाम की वर्त्तनी (spelling) मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में दर्ज वर्त्तनी (spelling) से भिन्न नहीं होना चाहिए।**

(V) आवेदक उपर्युक्त विहित प्रपत्रों में सक्षम स्तर से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। उक्त प्रमाण पत्रों की मांग आयोग आवश्यकतानुसार कभी भी कर सकता है।

(VI) विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को झारखण्ड सरकार द्वारा लागू आरक्षण सम्बन्धी सभी नियम प्रभावी होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित प्रमाण–पत्र आयोग द्वारा प्रमाण–पत्रों की जाँच के अवसर पर समर्पित करना अनिवार्य होगा।

## 9. अनुभव :

**(I)** संविदा पर कार्यरत कर्मियों के लिए आवश्यक है कि आयोग द्वारा आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि तक कम से कम पांच वर्ष की वास्तविक संविदा सेवा पूर्ण कर ली हो तथा वे निरन्तर सेवा में हों।

संविदा पर अलग–अलग कार्यालयों/संस्थानों में कार्यरत वैसे कर्मियों को ही पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए अधिमानता दिया जायेगा जो योगदान के पश्चात् एक ही प्रकृति के तकनीकी सेवा में लगातार कार्यरत रहे हों तथा इस सेवा अवधि में सेवा में टूट नहीं हो। सेवा

में टूट होने पर अलग–अलग कार्यालयों/संस्थानों में किये गये कार्यवधि की गणना लगातार सेवा के लिए नहीं की जायेगी।

**(II)** नियुक्ति के लिए संविदा पर कार्यरत पारा मेडिकल कर्मियों (यथा– ए॰एन॰एम॰) जो वांछित अहर्त्ता रखते हों राज्य सरकार/ सम्बन्धित असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/ अधीक्षक/ नियंत्री पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष संविदा नवीनीकरण में जो समय लगा हो उसे सेवा में टूट नहीं माना जायेगा।

**(III)** संविदा पर कार्यरत कर्मियों के लिए स्वीकृत अवकाश की अवधि को टूट नहीं माना जायेगा।

**(IV)** अगर किसी कारण से अनुबंधित पारा मेडिकल कर्मियों (यथा– ए॰एन॰एम॰) हड़ताल पर गये हों तो सक्षम स्तर से सम्बन्धित अवधि के समायोजन/ स्वीकृति के आलोक में उस अवधि को भी सेवा में टूट नहीं माना जायेगा।

**(V)** **ए॰एन॰एम॰ के रूप में कार्य के अनुभव का प्रमाण पत्र सम्बन्धित जिलों के असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी तथा राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय/ ईटकी आरोग्यशाला, ईटकी एवं रिनपास, राँची में कार्यरत रहने की स्थिति में सम्बन्धित संस्थान के अधीक्षक/नियंत्री पदाधिकारी द्वारा दिया जायेगा। अनुभव एवं स्वच्छता प्रमाण पत्र का विहित प्रपत्र परिशिष्ट–IX पर उपलब्ध है। उक्त प्रमाण पत्र में अंकित आवदेक/ आवेदक के पिता के नाम की वर्त्तनी (spelling) मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में दर्ज वर्त्तनी (spelling) से भिन्न नहीं होना चाहिए।**

10. **Online आवेदन पत्र को भरना एवं समर्पित (Submit) करना :** ऑनलाईन आवेदन को भरने के लिए दिए गये दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करें। आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं से पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात ही आवेदन पत्र को जमा (Submit) करें।

i) आवेदन पत्र भरने के लिए सर्वप्रथम आयोग के वेवसाईट www.jssc.nic.in पर जाएँ एवं Online Application for JANMCE-2019 को Click करें तत्पश्चात अपना पंजीकरण (Registration) करें।

ii) पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही आपके मोबाईल फोन एवं ईमेल पर पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड आ जायेगा। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड को नोटकर सुरक्षित रखें क्योंकि भविष्य में लॉगईन करने के लिए इन दोनों की आवश्यकता होगी।

iii) पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड प्राप्त होते ही पुनः लॉग–ईन कर अपने बारे में विस्तृत सूचना अंकित करें एवं यथा निर्धारित स्थान पर मैट्रिक/10वीं का अंक–पत्र, इंटरमीडीएट का अंक पत्र, 18 माह का ए॰एन॰एम॰ प्रशिक्षण का अंक पत्र तथा सक्षम प्राधिकार से निर्गत ANM के रूप में कार्य का अनुभव एवं स्वच्छता का प्रमाण–पत्र अपलोड करें। आवेदन–पत्र में दर्ज किए जाने वाले मैट्रिक का प्राप्तांक प्रतिशत में अतिरिक्त विषय के प्राप्तांक शामिल नहीं होंगे। आवेदन के प्रत्येक पृष्ठ को Save and Continue करने के पश्चात् अगले पृष्ठ की सूचना भरा जाना आवश्यक है। जिस तिथि को आप यह कार्य पूरा कर लेते हैं उसकी अगली तिथि को 12:00 बजे मध्याह्न के पश्चात् पुनः लॉगईन करें एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दें।

iv) परीक्षा शुल्क भुगतान करने के दो दिनों के बाद पुनः लॉगईन कर परीक्षा शुल्क भुगतान का विवरण तथा अपना स्कैन किया हुआ (Scanned) फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर दें। यदि आप अपने अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर से संतुष्ट हैं तो आवेदन पत्र को समर्पित (Submit) कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट ले लें तथा इसे भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रखें।

v) आवेदन पत्र समर्पित करने के पूर्व यह अवश्य देख लें कि दी गई जानकारी सत्य है अन्यथा गलत घोषणा पत्र देने हेतु अभ्यर्थिता रद्द करने एवं अन्य कार्रवाई करने पर आयोग निर्णय लेगा।

vi) ऑनलाईन आवेदन में दर्ज सूचनाओं से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के मूल प्रति की जाँच प्रमाण पत्र जाँच कार्यक्रम में की जायेगी। इस अवसर पर सभी प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसका अनुपालन नहीं होने की स्थिति में आवेदक की अभ्यर्थिता रद्द समझी जायेगी। ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व निर्गत प्रमाण पत्रों से भिन्न प्रमाण पत्र देने पर इसे स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसी स्थिति में आरक्षण/अन्य लाभ देय नहीं होगा/अभ्यर्थिता रद्द समझी जाएगी।

11. **आवेदन की प्रविष्टियों में संशोधनः–**

दिनांक–14.10.2019 से दिनांक–16.10.2019 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल आई०डी० एवं मोबाईल संख्या को छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए पुनः लिंक उपलब्ध करायी जायेगी। जिसके माध्यम से वैध अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र की अशुद्धियाँ संशोधित कर सकेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा यदि अपने आरक्षण कोटि को अनारक्षित/ अत्यंत पिछड़ा वर्ग–1 (अनुसूची–1) एवं पिछड़ा वर्ग–2 (अनुसूची–2) कोटि में संशोधित किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उक्त अभ्यर्थी को संशोधित कोटि के लिए अनुमान्य परीक्षा शुल्क की अन्तर राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। संशोधन के उपरांत पुनः भुगतान हेतु सूचना अलग से उपलब्ध करायी जायेगी। संशोधन की तिथि के पश्चात् किसी भी प्रविष्टि में सुधार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा और भरे गये आवेदन के आधार पर ही आवेदक के सन्दर्भ में परीक्षा प्रक्रिया पूरी होगी।

## 12. ऑनलाईन (Online) आवेदन को भरने के लिए दिशा निर्देशः

(i) **आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थी विज्ञापन एवं विवरणिका को डाउनलोड कर लें तथा विवरणिका की शर्त्तों के अनुसार आवेदन पत्र में सूचना अंकित करें।**

(क) **विवरणिका को ध्यानपूर्वक पढ़कर आवेदन भरने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि जो प्रमाण पत्र आवेदन हेतु आवश्यक हैं वह उनके पास उपलब्ध हैं।**

(ख) आवेदन भरने के पूर्व अपने फोटो एवं हस्ताक्षर की Scanned प्रति भी अपने साथ रखें।

(ग) सभी प्रमाण पत्रों को ध्यानपूर्वक देख लें कि इन सभी में उनका नाम, पिता का नाम एवं अन्य विवरण सही है अन्यथा आवेदन भरने के पूर्व उसे ठीक करा लें।

(ii) आवेदक अपने नाम की वर्त्तनी (spelling) वही लिखेंगे जो मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित है। मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित नाम और आवेदन पत्र में भरे गये नाम की वर्त्तनी (Spelling) में अंतर नहीं होना चाहिये। आवेदन में नाम से संबंधित सूचना में नाम के आगे श्री/मिस्टर/श्रीमान् आदि शब्दों का व्यवहार नहीं किया जाय।

(iii) आवेदक अपने आवेदन पत्र के यथा निर्धारित स्थान पर वही जन्म तिथि यथा– तिथि, महीना और वर्ष दर्ज करेंगे जो उनके मैट्रिक सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित है।

13. **आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की विभिन्न तिथियाँ :– ऑनलाईन आवेदन पत्र के विभिन्न चरणों को पूर्ण करने की तिथियाँ निम्नवत् हैं:–**

क) रजिस्ट्रेशन करने तथा सूचना दर्ज करने हेतु दिनांक–05.09.2019 से 11.00 बजे पूर्वाहन् से दिनांक–04.10.2019 की मध्य रात्रि तक।

ख) परीक्षा शुल्क भुगतान करने के लिए दिनांक–10.10.2019 की मध्य रात्रि तक।

ग) फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए दिनांक–13.10.2019 की मध्य रात्रि तक।

घ) दिनांक–14.10.2019 से दिनांक–16.10.2019 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में की गई किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए पुनः खोली जायेगी जिसके माध्यम से वैध अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र की अशुद्धियाँ संशोधित कर सकेंगे। छूट सहित परीक्षा शुल्क भुगतान करने की स्थिति में शुद्धिकरण का दावा परीक्षा शुल्क भुगतान की राशि तक सीमित होगा।

14. **परीक्षा शुल्क :**

परीक्षा शुल्क रू॰ 1200/– (रूपये एक हजार दो सौ) है।

**परीक्षा शुल्क में छूट:–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 300/– (रूपये तीन सौ) है। परीक्षा शुल्क भुगतान किए बिना आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वैसे आवेदन रद्द किये जा सकेंगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा। परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में अपेक्षित राशि का भुगतान भी करना होगा।

15. **परीक्षा शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया:–**

परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए www.onlinesbi.com पर जाकर State Bank Collect Click करें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें Term & Condition को टिक (√) कर Proceed बटन दबाकर आगे बढ़ें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें State of Corporate/Institution के सामने Jharkhand Select करें तथा Type of Corporate/Institution के सामने Govt. Department Select करें तथा Go बटन दबा कर अगला पेज खोलें जिसमें Govt. Department Name के विरुद्ध Jharkhand Staff Selection Commission Select कर Submit बटन दबा दें। इसके बाद Select Payment category के सामने JANMCE-2019 Select करें तथा अपना Registration Number डालकर अपना परीक्षा शुल्क का भुगतान करें।

16. **परीक्षा का स्वरूप :**

16.1 **परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–**महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए॰एन॰एम॰) के पद पर चयन हेतु परीक्षा एक चरण में ओ॰एम॰आर॰ आधारित मुख्य परीक्षा ली जायेगी।

16.2 परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक के होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक प्रदान किये जायेंगे। उक्त परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं होगा। परीक्षा की भाषा हिन्दी/अंग्रेजी होगी।

16.3 मुख्य परीक्षा की अवधि एक घण्टे (कुल 60 मिनट) की होगी, जिसमें कुल 50 प्रश्न पूछे जायेंगे।

16.4 <u>परीक्षा का पाठ्यक्रमः</u>

महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए॰एन॰एम॰) पद हेतु पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–IX** के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

17. <u>न्यूनतम अर्हतांक</u>

**लिखित परीक्षा में निम्न न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को मेधासूची में शामिल नहीं किया जायेगा:–**

**(I)** अनारक्षित/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची–1)/– 40 (चालीस) प्रतिशत पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची–2)

**(II)** अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति – 35 (पैंत्तीस) प्रतिशत

18. <u>मेधा सूची का निर्माणः–</u>

**लिखित परीक्षा, मैट्रिक, इण्टरमीडिएट(10+2), तकनीकी प्रशिक्षण एवं संविदा पर कार्यानुभव के आधार पर मेधा सूची का निर्माण :**

(i) उपर्युक्त उप कंडिका–17 के आधार पर कोटिवार न्यूनतम अहर्त्तांक प्राप्त अभ्यर्थियों के कुल प्राप्तांक की गणना निम्नवत् की जायेगी:–

क) **आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा का प्राप्तांक** – 50 अंक (अधिकतम)

ख) **तकनीकी योग्यता (ए॰एन॰एम॰)** – 10 अंक (अधिकतम)

- 60 प्रतिशत एवं उससे उपर अंक अथवा समकक्ष ग्रेड – 10 अंक
- 60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत अंक तक अथवा समकक्ष ग्रेड – 07 अंक
- 45 प्रतिशत से कम अथवा समकक्ष ग्रेड – 05 अंक

ग) शैक्षणिक योग्यता:– – 40 अंक (अधिकतम)

**(a)** मैट्रिक

- 60 प्रतिशत एवं उससे उपर अंक अथवा समकक्ष ग्रेड – 20 अंक
- 60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत अंक तक अथवा समकक्ष ग्रेड – 15 अंक

**(b)** इण्टरमीडिएट (10+2)

- 60 प्रतिशत एवं उससे उपर अंक अथवा समकक्ष ग्रेड – 20 अंक
- 60 प्रतिशत से कम अंक तथा 45 प्रतिशत अंक तक अथवा समकक्ष ग्रेड – 15 अंक
- 45 प्रतिशत से कम अथवा समकक्ष ग्रेड – 10 अंक

घ) झारखण्ड राज्य के सरकारी अस्पतालों में संविदा कार्य अनुभव के लिए (पांच अंक प्रति पूर्ण वर्ष की दर से) – 50 अंक (अधिकतम)

**कुल प्राप्तांक = क+ख+ग+घ = 50+10+40+50 = 150**

उक्त के आधार पर अधिकतम कुल 150 अंक देय होगा। गणना उपरान्त प्राप्त कुल प्राप्तांक के आधार पर मेधासूची गठित की जाएगी।

(ii) उपर्युक्त कंडिका–18 (i) में वर्णित अंकों के योग में अतिरिक्त विषयों के अंकों को नहीं जोड़ा जायेगा।

(iii) मेधासूची में एक से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान (Equal Marks) रहने पर मेधा का निर्धारण अभ्यर्थियों की जन्म तिथि के आधार पर किया जायेगा तथा अभ्यर्थी, जिनकी उम्र ज्यादा होगी, उन्हें अपेक्षाकृत ऊपर स्थान मिलेगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक और जन्म तिथि समान पाई जाती है, तो ऐसी स्थिति में उनके नाम के अंग्रेजी वर्त्तनी (Spelling) के वर्णक्रम के अनुसार मेधा का निर्धारण किया जायेगा और इसके निर्धारण के लिये आवेदन में अंकित अंग्रेजी में लिखे गये नाम को आधार माना जायेगा।

(iv) मेधा के आधार पर अनारक्षित पद के लिये तैयार मेधासूची में समान मापदंड पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के आने की स्थिति में उक्त अभ्यर्थी की गणना अनारक्षित वर्ग के अनुमान्य पदों के विरूद्ध की जायेगी और उनके नाम के सामने उनका आरक्षण वर्ग भी वही होगा। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार से प्राप्त अद्यतन निर्देशों का पालन किया जायेगा।

(v) उपर्युक्त उप कंडिका (i) के आधार पर मेधासूची गठित करने के पश्चात् यथा समय अपनी सुविधा के अनुसार आयोग के द्वारा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सहयोग से विज्ञापित पदों पर नियुक्ति के लिये चयन हेतु निर्धारित पात्रता/अर्हता संबंधी प्रमाण पत्रों की जांच करायी जायेगी।

प्रमाण पत्रों की जांच के क्रम में यदि किसी कोटि के अभ्यर्थी ***अनुपस्थित हो जाते हैं अथवा उनके*** आवेदन पत्र में अंकित दावों का सत्यापन नहीं हो पाता है और उनकी अभ्यर्थिता रद्द हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में आवश्यकतानुसार सम्बन्धित कोटि में रिक्त पदों की उपलब्धता के आलोक में मेधासूची से क्रम के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्रों की जाँच के लिए आयोग आमंत्रित कर सकता है।

19. **नियुक्ति :**

(i) परीक्षा में सफलता, सेवा पदों पर नियुक्ति के लिये कोई अधिकार प्रदत्त नहीं करेगा, जब तक झारखण्ड सरकार का, ऐसी जाँच के पश्चात्, जो आवश्यक समझी जाय, समाधान नहीं हो जाता है कि अभ्यर्थी लोक सेवा में नियुक्ति के लिये अपने चरित्र और पूर्व वृत्त के सम्बन्ध में सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(ii) सेवा में नियुक्तियाँ समय–समय पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) के लिये सेवा में विशेष प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में आदेशों के अध्याधीन होगी।

## 20. अन्यान्य :

**20.1** आयोग द्वारा परीक्षाओं के संचालन के अवसर पर झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधान प्रभावी होंगे।

**20.2** आवेदन में अंकित सूचनाओं एवं प्रविष्टियों की पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिए आवेदक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**20.3** आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के विषय पर अभ्यर्थी/उनके माता–पिता/अभिभावक द्वारा:–

(i) आवेदन प्रपत्र में गलत सूचना देने/गलत प्रमाण पत्र समर्पित करने/जालसाजी,

(ii) परीक्षा के दौरान अवैध तरीका अपनाने/नकल करने/फर्जी अभ्यर्थी को अपनी जगह पर परीक्षा में बैठाने/कदाचार करने में लिप्त पाये जाने एवं

